सोमवार

08 जनवरी 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ





औरंगाबाद व अरवल जिले का टॉप 10 इनामी अपराधी गिरफ्तार 2


भागलपुर में भीषण सड़क दुर्घटना

## बर्थडे पार्टी मना लौट रहे तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**केटी न्यूज/पटना**

भागलपुर में भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीन दोस्त बर्थडे पार्टी कर बाइक से लौट रहे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना नवगछिया के बाबा विश्व रावत सेतु संपर्क पथ के फोर लाइन पर श्री पेट्रोल पंप के समीप पास हुआ। रविवार की सुबह भीषण सड़क हादसा के बाद पुलिस टीम पहुंची तो दंग रह गए। तीनों युवकों की लाश एक दूसरे पर चढ़ा हुआ था। पुलिस ने तीनों के आधार कार्ड के अनुसार उनकी पहचान की। मृतक की पहचान सहरसा जिला के रघुनाथपुर थाना के महुआ बाजार निवासी जनार्दन मंडल के 24 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार, कदवा ओपी के प्रतापनगर निवासी मसरुल कुमार राय के 20 वर्षीय पुत्र सुकेश कुमार और इस्माइलपुर थाना के मंथन टोला निवासी रामजी मंडल के 18 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार उर्फ सूरज कुमार के रुप में हुई है। पुलिस ने तीनों शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया पहुंचा दिया है।

## चार युग की प्रेरणा से बने चार मुख्य पथों ने किया अयोध्या का कायाकल्प

- जन्मभूमि पथ, रामपथ, भक्तिपथ व धर्मपथ के किनारे विश्व स्तरीय आधुनिक सुविधाओं से हो रहे लैस
- राज्य सरकार के नेतृत्व में पुरातन वैभव को आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप ढालकर अयोध्या के कायाकल्प का मार्ग हुआ प्रशस्त
- म्यूरल पेंटिंग, वॉल पेंटिंग, पेबल स्टोन स्कल्चर, आधुनिक लाइटिंग, सौर ऊर्जा के उचित प्रयोग वैश्विक प्रतिमान गढ़ रही अयोध्या



**केटी न्यूज/अयोध्या**

चार वेद, चार युग की प्रेरणा से योगी सरकार में बने चार पथों ने अवधपुरी के वृहद कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त किया है। योगी सरकार के नेतृत्व में पुरातन वैभव को आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप ढालकर अयोध्या में कायाकल्प करने का मार्ग सुनिश्चित किया जा रहा है। यहां के चार प्रमुख पथ भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, राम पथ व धर्म पथ चार वेदों और चार युगों की अवधारणा पर विकसित किए गए हैं, जिन्हें म्यूरल पेंटिंग, वॉल पेंटिंग, पेबल स्टोन स्कल्चर, आधुनिक लाइटिंग, वाई-फाई कनेक्टिविटी समेत सौर ऊर्जा के उचित प्रयोग से वैश्विक प्रतिमान गढ़ने के अनुरूप बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या के विकास को तीव्र गति दी, वहीं 2017 के पहले नागरिक सुविधा के तौर पर उबड़-खाबड़ गड्ढेयुक्त अल्पविकसित सिंगल लेन सड़कें व संकरी गलियां ही अयोध्या की नियति बनकर प्रत्यक्ष तौर पर सकल विश्व की राजधानी की पराभव गाथा को बयां करती थी। वर्षों के पराभव के बाद अब अयोध्या जिस तेजी से विकास के नए प्रतिमान गढ़ रही है तथा वर्ष 2047 तक आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अपनी पहचान को पुख्ता करने के लिए सतत विकास की प्रक्रिया से गुजर रही है, निश्चित तौर पर डबल इंजन की सरकार व सीएम योगी आदित्यनाथ का कुशल नेतृत्व ही इसे संभव बना सकता है।

### अयोध्या में हो रहे भव्य निर्माण कार्य युग-युगांतर तक सुनिश्चित करेंगे सूर्यवंश की नगरी का यशोगान

घंटों तक बाधित विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजों में गंदगी व साफ-सफाई में अनियमितता, सड़कों पर मंडराता आवारा पशुओं का झुंड, सड़कों के नाम पर सिंगल लेन ऊबड़-खाबड़ गड्ढायुक्त मार्ग और उन पर चलता बेतरतीब ट्रैफिक अयोध्या की पहचान बन गए थे। मगर 2017 के बाद अयोध्या ने जिस तेजी से विकास की गति पकड़ी वह डबल इंजन की सरकार और विशेषतौर पर सीएम योगी के अयोध्या के प्रति आत्मिक लगाव के कारण ही संभव हो पाया। आज यहां भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, राम पथ व धर्म पथ वर्ल्ड क्लास मॉडर्न फैसिलिटीज और हेरिटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड विंटेज साज-सज्जा से संवर रही है। यहां के इन चारों प्रमुख पथों को फसाड लाइटिंग, म्यूरल पेंटिंग, विंटेज विक्टोरियन सोलर टेल लैंप, आर्टिस्टिकली डिजाइंड आर्क लैंप, प्रॉपर पेवमेंट, इनलैंड ड्रेनेज व कॉनक्रीट लेआउट कैरियज वे, ग्रीनरी इनेबल्ड डिवाइडर, अवस्थापनाओं के संरचनात्मक विकास में फाइबर ग्लास, कंक्रीट मॉडलिंग के साथ ही सीसीटीवी सर्विलांस के जरिए स्मार्ट ट्रैफिक रेगुलेशन सिस्टम भी अयोध्या में इन चारों मुख्य पथों पर लागू है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नई ताकत बन उभरा है भारत: योगी

- सीएम योगी बोले- नेतृत्व अच्छा होता है तो बढ़ता है सबका सम्मान, जो पहले कभी नहीं हुआ, वह अब हो रहा है
- जाति, मत, मजहब से परे हर पात्र को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब नेतृत्व अच्छा होता है तो सबका सम्मान बढ़ता है। दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यही हुआ है। भारत दुनिया के अंदर एक नई ताकत बनकर उभरा है। देश का सम्मान बढ़ने से सभी नागरिकों को गौरव की अनुभूति हो रही है। देश में हाइवे, रेलवे, एयर कनेक्टिविटी का विस्तार हो रहा है। एम्स बन रहे हैं, उद्योग लग रहे हैं। बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन हो रहा है। बिना भेदभाव गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को मिल रहा है।

सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के राप्तीनगर और नंदानगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। दोनों स्थानों पर उमड़े जनसमूह के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का आधार जाति, मत, मजहब या क्षेत्र नहीं है बल्कि गांव, गरीब, किसान, महिलाएं और नौजवान है। आज जितनी योजनाएं चल रही हैं, उसकी पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। देश में 4 करोड़ और उत्तर प्रदेश में 55 लाख लोगों को मुफ्त मकान की सुविधा मिली है। राज्य में 15 करोड़ लोगों को साढ़े तीन साल से मुफ्त राशन मिल रहा है और यह अगले पांच साल तक मिलता रहेगा। बड़ी संख्या में लोगों को आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है।



### श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर चलाएं स्वच्छता अभियान

मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को मकर संक्रांति और 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आह्वान किया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सभी लोग स्वच्छता अभियान चलाकर धर्मस्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाएं। कार्यक्रम को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**लाभार्थियों से संवाद किया सीएम ने, कहा-अन्य को भी करें जागरूक:** विकसित भारत संकल्प यात्रा के आज के दोनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं यथा पीएम आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बीसी सखी, उज्ज्वला, आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया। सभी ने अपने अनुभव सुनाते हुए मोदी-योगी सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ देना ही मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि वह अन्य लोगों को भी जागरूक कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएं।

**लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, कंबल व मिष्ठान वितरित किया सीएम ने:** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पीएम आवास योजना, आयुष्मान योजना, पीएम स्वनिधि योजना, उज्ज्वला आदि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, कंबल व मिष्ठान वितरित किया। कार्यक्रम के शुरूआत में सबको विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागो द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन तथा नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टालों पर भी कंबल वितरण किया। इस दौरान सीएम योगी के हाथों में एक मुस्लिम महिला के बच्चे का अन्नप्राशन सबके लिए आकर्षण का केंद्र रहा। अपने बच्चे को मुख्यमंत्री के हाथों में खेलता देख महिला बेहद प्रफुल्लित थी। अन्नप्राशन कराने के बाद सीएम ने बच्चे को उपहार दिया और उसे काफी देर तक दुलारते रहे।

## मालदीव सरकार ने महिला मंत्री समेत दो नेताओं को किया सस्पेंड



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी मामले में मालदीव सरकार ने महिला मंत्री मरियम शिउना को कैबिनेट से सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा दो नेताओं माल्शा और हसन जिहान को भी सस्पेंड किया गया है। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. जिसके बाद से ही सोशल मीडिया पर #BoycottMaldives ट्रेंड होने लगा। पीएम मोदी के खिलाफ विवादित बयान पर बवाल मचने के बाद मालदीव बैकफुट पर आ गया। पीएम मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी मामले को लेकर भारतीय उच्चायुक्त ने आपत्ति जताई थी। इस बीच भारत को मालदीव के पुरवा राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद का भी साथ मिला। उन्होंने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से सरकार को टिप्पणियों से दूर रखने का आग्रह किया। मोहम्मद नशीद ने कहा कि भारत मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि में अहम भागीदार है. नशीद ने मुइज्जू से भारत को यह आश्वासन देने के लिए कहा कि इन टिप्पणियों का सरकार का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि मालदीव सरकार की मंत्री मरियम शिउना ने एक प्रमुख सहयोगी देश के नेता के प्रति कितनी भयावह भाषा इस्तेमाल की है। यह मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है।

## नीतीश कुमार बोले... समाज में सभी को साथ लेकर चलें और समस्याओं का समाधान करें जनप्रतिनिधि


- राज्य के मुखिया, उप मुखिया वार्ड सदस्य, सरपंच आदि ने की सीएम नीतीश से मुलाकात
- बोले सीएम- सभी के मानदेय में की जायेगी बढ़ोतरी



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से रविवार को पटना स्थित लोक संवाद में राज्य के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों तथा सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों के शिष्टमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस क्रम में सभी ने अपनी-अपनी समस्यायें रखीं। मुख्यमंत्री ने समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद पंचायती राज व्यवस्था को बेहतर किया गया। पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों के चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। इसके कारण बड़ी संख्या में महिलाएं समाज का नेतृत्व करने को लेकर आगे आयीं। गांवों तथा टोलों में पक्की गली नाली का निर्माण कराया गया। सभी पंचायतों के वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है। पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें पंचायत के सभी लोगों की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे हो सकेगा।

आप सभी जनप्रतिनिधियों से मेरा आग्रह है कि समाज में सभी को साथ लेकर चलें और समस्याओं का समाधान करें। खूब मन लगातार काम करें। गांवों के विकास के लिए जो कार्य किये गये हैं उसकी सतत निगरानी करते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी लोग बेहतर ढंग से काम करते रहें। आप सबने जो मांग की है, उसके आधार पर मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य तथा सरपंच, उप सरपंच एवं पंच के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जायेगी।



15 जनवरी से 8 मार्च तक चलेगा मेला, आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का रखा जाएगा ध्यान

# माघ मेला के जरिए महाकुंभ का रिहर्सल करेगी यूपी सरकार

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

यूपी सरकार माघ मेला 2024 के जरिए कुंभ मेला 2025 की ड्रेस रिहर्सल करेगी। सरकार की ओर से अधिकारियों को माघ मेले को सकुशल, सुरक्षित एवं स्वच्छ ढंग से कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों, कल्पवासियों, साधु-महात्माओं की सुविधा, माघ मेला क्षेत्र में साफ-सफाई और घाटों पर विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मेला क्षेत्र को प्लास्टिक फ्री जोन बनाने के लिए जन जागरूकता के साथ ही कपड़े के थैलों का भी इंतजाम करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है की माघ मेला हर वर्ष मकर संक्रांति यानी 15 जनवरी से शुरू होता है और महाशिवरात्रि यानी 8 मार्च तक चलेगा।



प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने माघ मेला एवं महाकुम्भ-2025 की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने मेले के प्रमुख स्नान, पर्वों की तिथियों की जानकारी, क्षेत्रफल, सेक्टरों की संख्या, घाटों की संख्या व लम्बाई, अनुमानित कल्पवासियों की संख्या, प्रमुख स्नान पर्वों पर आने वाले अनुमानित श्रद्धालुओं की संख्या, भूमि आवंटन, चिकित्सा केन्द्रों, शौचालयों सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने महाकुम्भ-2025 के आयोजन के दृष्टिगत इस बार माघ मेले में जो नए अभिनव प्रयोग किए जा रहे, के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार वाटर लेजर शो, थिमेटिक गेट्स, फ्लोटिंग जेटी, ड्रोन मानीटरिंग, सैनिटेशन ब्लाक, सोलर लाइट, थिमेटिक लाइट्स सहित अन्य नए प्रयोग माघ मेले में किए जा रहे है। पार्किंग को लेकर निर्देश दिए गए कि पार्किंग स्थल का चिन्हॉकन ऐसे स्थानों पर किया जाए, जो मेला क्षेत्र से दूर न हो, जिससे कि साधु-संतो, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### अंतिम तैयारियों में जुटे विभाग

विजय किरण आनंद ने महाकुम्भ मेला की तैयारियों के संबंध में बताया। उन्होंने जनपद में बन रहे आरओबी, एयरपोर्ट, डिजिटल लाइब्रेरी, पर्यटन स्थलों का उच्चीकरण व कॉरिडोर बनाना, कल्चर सेंटर, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, स्पोटर्स वाटर, कुम्भ के दृष्टिगत यातायात व पार्किंग व्यवस्था, सड़कों का चौड़ीकरण, सुन्दरीकरण व सुदृढ़ीकरण, रिवटर फ्रंट रोड, रिंग रोड सहित महाकुम्भ के आयोजन के दृष्टिगत कराए जा रहे अन्य विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पॉवर कारपोरेशन, पीडब्लूडी, जल निगम, नगर निगम, यूपीएसआरटीसी, स्वास्थ्य विभाग, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग, पर्यटन विभाग, वन विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी विभाग द्वारा महाकुम्भ-2025 से संबंधित कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही समय से समस्त कार्य पूर्ण किए जाने के प्रति आश्वस्त कराया।

# प्रभु श्रीराम के नाम पर राजनीति बंद करे भाजपा: उदय नारायण चौधरी

- औरंगाबाद पहुंचे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा पर बोला हमला
- कहा- पेट की बात पहले होगी, बाद में होगी पूजा की बात

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



पेट की बात पहले होगी और पूजा की बात बाद में। भाजपा की हुकूमत को हटाना है और इंडिया गठबंधन की सरकार बनाना है तथा देश में तानाशाही व्यवस्था को खत्म कर, जनतंत्र कायम करना है। भगवान राम के नाम पर भाजपा को राजनीति बंद करनी चाहिए। लोग विकास को ध्यान में रखकर वोट करते हैं। लोगों की आस्था अपनी जगह होती है। यह बात पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने शहर के एनएच -19 किनारे फार्म स्थित प्रेस को संबोधित करते हुए कही।

दरअसल श्री चौधरी रोहतास जिले के डिहरी स्थित एक विशेष कार्यक्रम में जाने के क्रम में औरंगाबाद पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अब देश में विकास के नाम पर राजनीति होगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद यहां पेट्रोल और डीजल के दाम कम नहीं किए जा रहे हैं। यह सरकार की अक्षमता को दिखाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम लोगों के प्रति संवेदनहीन है और उसे रोजगार एवं आर्थिक विकास की कोई फिक्र नहीं है। उन्होंने गत दिनों जगन्नाथ पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के बातों का समर्थन किया है। दरअसल बीते दिनों पीएम मोदी पर पुरी शंकराचार्य ने अपनी आपत्तियों का जिक्र करते करते, यह तक कह गए कि 'प्रधानमंत्री वहां लोकार्पण करें, मूर्ति का स्पर्श करेंगे तो क्या मैं ताली बजाऊंगा? उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन अटूट है, गोदी मीडिया द्वारा जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जा रही है, कहीं ऐसी कोई बात नहीं है। पूरी मजबूती के साथ जनता के शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी चल रही है।

### पीएम मोदी के किए वादे की हकीकत जान चुके हैं लोग

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी ने चुनाव में एक से बड़े एक वादे किए, लेकिन आज उनके वादे की जमीनी हकीकत जनता जान चुकी है। जनता इस बार उनकी कथनी और करनी का फर्क समझाने का काम करेगी, उन्होंने कहा था हम प्रत्येक साल युवाओं को दो करोड़ रोजगार देंगे, विदेशों से कालाधन लाएंगे, हर घर गरीब को पक्का मकान देने का वादा किया था। इस देश पर वर्ष 2014 के पहले मात्र 55 लाख करोड़ रुपये था लेकिन आज 2 लाख 55 हजार करोड़ हो गया। किसानों को उनके फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। कृषि बाजार समिति को मोदी सरकार ने खत्म कर दिया। किसानों को मिलने वाले खाद और उर्वरक की किमत सातवें आसमान पर है। इनकी गलत नीतियों के कारण देश की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। इस मौके पर राजद जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, राजद नेता विरेंद्र यादव, सतेंद्र यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### जहानाबाद में अपराधी को पकड़ने आई गया पुलिस टीम पर हमला, जान बचाकर भागी



**जहानाबाद।** 50 हजार रुपए के एक इनामी अपराधी को गिरफ्तार करने जहानाबाद पहुंची गया जिले के डीआईओ की टीम पर गुस्साई भीड़ ने हमला कर दिया। इससे पुलिस टीम को अपनी जान बचाकर वहां से भागना पड़ा। मामला शनिवार की रात का है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त अपराधी जहानाबाद के फिदा हुसैन रोड में एक दुकान के समीप बैठा हुआ है। इसी सूचना पर पुलिस सादे लिबास में वहां पहुंच गई और उसे गिरफ्तार कर ले जाने लगी। यह देख आसपास के लोग उग्र हो गए और पुलिस पर हमला कर दिया। इस बीच अपराधी पुलिस के चंगुल से भाग निकला। इस घटना से फिदा हुसैन रोड मोहल्ले में अफरा तफरी महौल कायम हो गया। इस घटना में एक पुलिसकर्मी को हल्की चोट भी लगी है। एडीपीओ राजीव कुमार ने बताया कि गया की पुलिस टीम एक अपराधी को पकड़ने आई थी, जैसे ही अपराधी को पकड़ा गया आसपास के लोग उग्र हो गए और पुलिस टीम से हाथापाई करने लगे। इसी बीच आसपास के लोगों ने अपराधी को पुलिस से छुड़ा लिया। इस दौरान अपराधी भाग गया। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

### शेखपुरा होते हुए घेजना तक जानेवाली जर्जर सड़क अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड क्षेत्र के शेखपुरा होते हुए घेजना तक जानेवाली सड़क अपनी बदहाली पर आसूं बहा रहा है। कई गावों को जोड़ने वाली इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग सफर करते हैं। दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। फिर भी किसी को इसकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। सड़क पर जगह-जगह बने गढ्डे इसकी जर्जरता को खुद बयां करती है। सड़क जर्जर होने के कारण दोपहिया व छोटे वाहन चालकों को तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके चलते इस मार्ग में अक्सर हादसे भी होते रहते हैं। अब तो हालत यह है कि भाड़े के वाहन भी इस मार्ग से जाने को कतराते हैं। अभिभावक अपने बच्चे को इस सड़क से होकर स्कूल भेजने में भी डरते हैं। पता नहीं कब हादसा हो जाए। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने इस सड़क के पुनर्निर्माण की माग जोर शोर से नहीं उठायी। लेकिन उनकी आवाज सुननेवाला शायद कोई नहीं है। तभी तो इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह सड़क कोढ़ में खाज बना हुआ है। देवहरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार बताते हैं कि जर्जर सड़क रहने से आय दिन दुर्घटना होती रहती है। कहा कि सड़क का पुनर्निर्माण के लिए कई बार प्रशासन से शिकायत की लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। ऐसे में वे लोग काफी परेशान हैं।

### औरंगाबाद में दो कार से स्प्रिट की बड़ी खेप बरामद, पुलिस ने तस्करों को किया गिरफ्तार



**औरंगाबाद।** मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप दो कार से स्प्रिट की एक बड़ी खेप के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से सात मोबाइल फोन बरामद किया गया है। यह कार्रवाई ज़िला आसूचना इकाई के प्रभारी राम इकबाल यादव के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के द्वारा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओला बिगहा गांव के समीप की गई। मामले में जब्त स्प्रिट को मुफस्सिल थाना की पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। पकड़े गए तस्करों में ढिबरा थाना क्षेत्र के कोडीयारी गांव निवासी धर्मेंद्र महतो, गया ज़िले के मैगरा थाना क्षेत्र के चोनहा बरुआडीह गांव निवासी प्रकाश कुमार, विजय कुमार, मनोज कुमार, कोठी थाना क्षेत्र के शिवा गांव निवासी मिथलेश कुमार, झारखंड प्रदेश के पलामू ज़िले के हरिहरगंज निवासी कृष्णा कुमार एवं अशोक साव हैं। थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि कार्रवाई के फलस्वरूप दो कार से 525 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। वहीं मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## खबरें फटाफट

### प्राणपुर गांव से फरार तीन वारंटी गिरफ्तार

औरंगाबाद। गोह पुलिस ने शनिवार की रात प्राणपुर गांव में छापेमारी करते हुए तीन फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि प्राणपुर गांव के तीन फरार चल रहे वारंटियों को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। जिसमे मो इजमाम मो0 फराशत एवं मो फारूक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गौरतलब हो कि 2020 में प्राणपुर गांव में भूमि बिबाद को लेकर दो बहनें आपस मे उलझ गए थी जिसके बाद पिता द्वारा अपने दामाद पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थीं।

### महुआ शराब बरामद धंधेबाज गिफ्तार

**औरंगाबाद।** देवकुंड पुलिस ने बिलारू मठिया गांव में छापेमारी करते हुए महुआ शराब के साथ धंधेवाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि सूचना मिली की खजांची बिगहा गांव में शराब की बिक्री किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन को लेकर जब पुलिस बिलारू मठिया गांव में जा रही थी तो बिलारू मठिया गांव निवासी नवीन चौधरी खजांची बिगहा गांव के समीप रोड पर शराब बेच रहा था, जहां से 2 लीटर महुआ शराब के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया है।

### लूट सहित अन्य केस में 47 लोग गए जेल

**औरंगाबाद।** एसपी के निर्देश पर कार्रवाई के फलस्वरूप 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें लूट के कांड में एक आरोपित को गिरफतार किया गया है। इसके अलावा हत्या प्रयास के कांड में पांच, विविध कांड में एक, शराब कांड में 16 एवं अजमानतीय मामलों में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में 32 लीटर शराब, 525 लीटर स्प्रिट, दो कार, आठ मोबाइल फोन, एवं एक बाइक बरामद किया गया है।

## बेंगलूरू में छुपकर रह रहा था कुख्यात अपराधी गुप्तेश्वर उर्फ बूढ़ा पासवान

# औरंगाबाद व अरवल जिले का टॉप 10 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपित के विरूद्ध लूट और आर्म्स सहित अन्य मामलों में ओबरा और दाउदनगर थाना व अरवल जिले के मेहंदिया थाना में आठ मामले हैं दर्ज
- लंबे समय से चल रहा था फरार, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



औरंगाबाद और अरवल ज़िले के टॉप 10 इनामी एक बदमाश को बेंगलूरू से ओबरा थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित थाना क्षेत्र के भरूब गांव निवासी गुप्तेश्वर पासवान उर्फ बुढ़ा पासवान है। इसके विरुद्ध लूट और आर्म्स सहित अन्य मामले दर्ज हैं, जो पिछले काफी दिनों से फरार चल रहा था जिस पर 25 हजार रुपए इनाम का घोषणा की गई थी। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, ज़िला आसूचना इकाई प्रभारी राम इकबाल यादव सहित अन्य सशस्त्र बलों के द्वारा की गई।

प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने बताया कि तकनीकी स्त्रोतों से सूचना मिली थी कि औरंगाबाद एवं अरवल जिला के कुख्यात अपराधी गुप्तेश्वर पासवान उर्फ बुढ़ा पासवान बेंगलूरू में छुप कर रहा है जिसके अलोक में सुनियोजित तरीके से छापेमारी की गई। जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। इस पर राज्य सरकार द्वारा इनाम की घोषणा की गई थी। अपराधिक इतिहास : उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरूद्ध लूट और आर्म्स सहित अन्य मामलों में औरंगाबाद ज़िले के ओबरा और दाउदनगर थाना तथा अरवल ज़िले के मेहंदिया थाना में कुल आठ मामले दर्ज हैं, जिसमें यह लंबे समय से फरार चल रहा था, इसी क्रम आज पकड़ा गया। आवश्यक पूछ-ताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### देसी पिस्तौल के साथ हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** डब्लू हत्याकांड में फरार एक आरोपित को नवीनगर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित कुटुंबा थाना क्षेत्र के लोहरचक गांव निवासी अनुज यादव हैं। इसके पास से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। विदित हो कि नबीनगर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी डब्लू यादव की 31.05.2023 की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें अब तक दो अभियुक्त टंडवा थाना क्षेत्र के दुआरी गांव निवासी दीपक सिंह एवं कुटुंबा थाना क्षेत्र के महुआधाम गांव निवासी धनंजय सिंह को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। सदर एसडीओ मो. अमानुल्लाह खान ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया था जिसमें तकनीकी विश्लेषण एवं उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपित घर से पकड़ा गया। आरोपित ने हत्याकांड में अपना अपराध स्वीकार किया है। आरोपित नबीनगर थाना के टॉप टेन अपराधकर्मियों की सूची में शामिल हैं जिसकी तलाश लंबे समय से की जा रही थी।

## संदिग्ध ट्रांजक्शन में बिजली मिस्त्री गिरफ्तार, श्रीलंका से है कनेक्शन

**केटी न्यूज/आरा**

नगर थाने की पुलिस ने संदिग्ध बैंक ट्रांजक्शन के आधार पर जालसाजी में एक बिजली मिस्त्री को गिरफ्तार किया है। वह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी राज किशोर है। उसके पास से तीन एटीएम कार्ड, एक मोबाइल और एक बाइक भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार बिजली मिस्त्री का श्रीलंका से कनेक्शन सामने आया है। पूछताछ में भी उसके द्वारा श्रीलंका में रहने वाले एक व्यक्ति की ओर से एकांउट में पैसे भेजने की बात स्वीकार की गयी है। उसके खाते से रोजाना करीब तीस से पैंतीस बार पैसे की लेने-देने की बात सामने आयी है। खाता खुलवाने पहुंचे बिजली मिस्त्री के पूर्व के एकाउंट के ट्रांजक्शन देख बैंक कर्मियों को संदेह हुआ और पुलिस को सूचना दी गयी। थानाध्यक्ष संजीव कुमार के अनुसार अपने को बिजली मिस्त्री बता आरोपित एक बैंक में खाता खुलवाने पहुंचा था। बातचीत के आधार पर बैंक के कर्मियों को उस पर संदेह हुआ। तब उसके पूर्व के खाते की जांच की गय उसमें रोजाना दर्जनों बार लाखों रुपए की देन-देन का मामला सामने आया। बिजली मिस्त्री ने बताया कि श्रीलंका का रहने वाला एक व्यक्ति उसे पैसे भेजता है। उसके कहने पर वह पैसे दूसरे एकांउट में ट्रांसफर करता है।

## सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मोमबत्ती व टॉर्च जलाकर किया गया मरीजों का इलाज

**केटी न्यूज/आरा**



आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में रविवार को ढाई घंटे तक बत्ती गुल रही। ऐसे में मोमबत्ती व टॉर्च जलाकर मरीजों का इलाज का इलाज किया गया। लाइट कट जाने के कारण इमरजेंसी वार्ड में मौजूद ऑन ड्यूटी चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और इलाज कराने आए मरीज के परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। घंटे लाइट कटे रहने के कारण डॉक्टर ने अपने चेंबर में मोमबत्ती व टॉर्च जलाकर सदर अस्पताल में आये मरीजो का इलाज किया गया। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड के माइनर ओटी में काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों को स्लाइन लगाने और इंजेक्शन देने में भी काफी कठिनाई हुई।

वहीं ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि सुबह से दो बजे दिन तक मेरी ड्यूटी है। लाइन कटने के कारण मुझे मरीजों को देखने और मरीजों को इलाज कराने में काफी दिक्कत हुई। वहीं इस मामले में सदर अस्पताल के प्रबंधक शशिकांत ने बताया कि सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में शॉर्ट-सर्किट हो गया था। जिसके कारण इमरजेंसी वार्ड एवं प्रसूति वार्ड में लाइन कटी रही। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी अस्पताल के सिविल सर्जन एवं उपाधीक्षक को भी दी जा चुकी है।


## गर्ल्स फुटबॉल के अभ्यास मैच में पूनम को मिला सम्मान




**केटी न्यूज/जहानाबाद**

मगध फुटबॉल एकेडमी, जहानाबाद द्वारा आयोजित 14 वर्ष से 19 वर्ष तक के युवाओं गर्ल्स एवं बॉयज फुटबॉल खेल अभ्यास मैच में पूनम को एकेडमी के चेयरपर्सन राजीव कुमार रंजन, कोच राजेश कुमार एवं राज्य स्तरीय बॉयज फुटबॉल खिलाड़ी रवि कुमार ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। जिला मुख्यालय स्थित गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय भी टी स्कूल के खेल मैदान पर यह सम्मान अभ्यास खेल के दौरान फुटबाल से सबसे ज्यादा संपर्क बनाए रखे जाने के एवज में दिया गया। इस मौके पर रंजन ने कहा कि फरवरी के अंतिम सप्ताह में शुरू होने वाला अंतर जिला राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए जहानाबाद महिला फुटबॉल टीम के गठन की तैयारी एकेडमी द्वारा शुरू कर दी गई है। जिसके तहत अभ्यास खेल खेला जा रहा है । उधर बॉयज खिलाड़ियों का व्यायाम के साथ अभ्यास खेल जारी है । साथ ही शिक्षण संस्थानों सहित अन्य संस्थाओं से भी अपने नाम एक टीम गठन करने के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कराने की अपील उनके प्रधानों से की है। जिससे कि खेल के क्षेत्र में संस्थान का क्रेज के साथ जिले में खेल का विकास हो सके।



# किसानों के लिए वरदान साबित होगी इथेनॉल कंपनी: शहनवाज हुसैन

♦ पूर्व केन्द्रीय उद्योग मंत्री ने किया नावानगर स्थित निमार्णाधीन इथेनॉल कंपनी का निरीक्षण

**केटी न्यूज/नावानगर**





इथेनॉल कंपनी बनकर तैयार होने के बाद इलाके के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। किसानों के उत्पाद के साथ ही सड़े अनाज भी यहां बिक जाएंगे। उक्त बातें पूर्व केन्द्रीय उद्योग मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहनवाज हुसैन ने रविवार को नावानगर में कही। वे यहां बन रही इथेनॉल कंपनी का निरीक्षण करने आए थे। इसके पहले कंपनी के सीएमडी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री अंदर का दृश्य देखकर हतप्रभ हो गए और कम्पनी के सीएमडी अजय सिंह को बहुत जल्दी कंपनी तैयार करने के लिए शाबासी दी। उन्होंने बताया कि पूरे बिहार में 17 एथनॉल कम्पनी को उद्योग मंत्री रहते हुए मैने शिलान्यास किया था। उन्होंने कम्पनी का 98 फीसद काम हो जाने को लेकर खुशी जाहिर की और सीएमडी अजय सिंह को बधाई देते इसे अविलंब उत्पादन शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस कंपनी के उत्पादन शुरू हो जाने से क्षेत्र के किसानों को बहुत लाभ होगा। उनके द्वारा किए गए उत्पादन धान, सड़ा चावल को खरीदकर किसानो को कंपनी वित्तीय लाभ देगी तो दूसरी तरफ 2 हजार क्षेत्रीय लोगों को नौकरी मिलेगी। जिससे लोगों को रोजगार के लिए बिहार से बाहर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

वही उन्होंने मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों को 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर के मूर्ति स्थापना समारोह में आने का निमंत्रण भी दिया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया है। आप उनका साथ दें भारत में दंगा नहीं, फसाद नहीं होगा। एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि मुसलमानों के लिए सबसे अच्छा देश भारत है। इस दौरान उन्होंने केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनवाते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे मिल रहा है। जबकि विपक्ष अपने मुखिया का चेहरा व नेता नहीं घोषित किया है। मौके पर जीएम अजीत शाही, एके पाण्डेय, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय सिंह उर्फ भोला सिंह, भाजपा नेता मृत्युंजय सिंह, संजीव सिंह, संजीव मिश्र, राजीव सिंह सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता, कंपनी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### केसठ में हुई भाजपा की बैठक, 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का लिया गया निर्णय

**केसठ।** रविवार को केसठ के एक निजी विद्यालय प्रांगण में भाजपा के मंडल कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रतन रावत ने व संचालन प्रखंड प्रवक्ता संदीप कुमार और विनोद कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में भाजपा मंडल कार्य समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य, बुथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के प्रभारी, शक्ति केंद्र के प्रमुख आदि उपस्थित रहे। बैठक में जिला मंत्री रेखा देवी और जिला प्रवक्ता रिंकू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक के दौरान हर शक्ति बूथ पर मजबूती के साथ-साथ 12 जनवरी को विवेकानंद की जयंती मनाने के साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ की स्वागत करने को लेकर रणनीति बनाई गई, साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों पर चिंतन मंथन एवं विचार विमर्श किया गया। मंडल अध्यक्ष रतन रावत ने कहा कि पीएम मोदी के आह्वान पर श्रीराम के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सचेत देशभक्त नेता है साथ ही वह गरीबों के नेता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के जन्मस्थली आयोध्या में 550 वर्षों तक उनका कोई मंदिर व मूर्ति नहीं था। यह प्रधानमंत्री मोदी की ही देन है कि कलियुग में भी त्रेतायुग के श्रीराम का आगमन अयोध्या के श्रीराम मंदिर में हो रहा है।

### मानवबलों की बैठक में कंपनी से हटा समायोजित करने पर हुई चर्चा

**डुमरांव।** रविवार को नगर के जंगलीनाथ शिवमंदिर परिसर में बिहार विद्युत मानवबल कर्मचारी संघ की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मो. अफजल अरूण ने किया। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथ बिहार विद्युत मानवबल कर्मचारी संघ राज्य यूनियन के सचिव मो. असलम इराकी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके साथ भेदभाव कर रही है। जिसे मानवबल अब बर्दाश्त करने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान मानवबलों ने अपने चार सूत्री मांगों को दुहराया। उनकी चार सूत्री मांगों में मानवबलों को संवेदक के अधीन से हटाकर कंपनी में समायोजित करने, मानवबलों के 60 वर्ष की आयु तक नौकरी पक्का करने, उन्हें पगार के अलावे कंपनी के तरफ से बोनस देने तथा 30 दिन का मजदूरी देने का मांग शामिल है। मानवबलों ने बताया कि कंपनी उन्हें 30 दिन के जगह 26 दिन का ही मजदूरी देती है तथा किसी तरह का बोनस नहीं दिया जाता है। जिससे उनके तथा उनके परिवार के समक्ष भुखमरी की नौबत रहती है। मौके पर भरत लाल सिंह, श्याम नारायण प्रसाद, निर्मल शर्मा, प्रेमचंद चौधरी, दिलीप यादव, टुनटुन सिंह, वर्मा यादव, मनोज सिंह, सुनील कुमार प्रजापति, दीपक कुमार, मो. खुर्शीद कुरैशी, कन्हैया कुमार मिश्र, बब्लू कुमार यादव, संतोष कुमार सिंह समेत कई अन्य मानवबल मौजूद थे।

### आदेश वापस लेने पर आंगनबाड़ी महासंघ ने धन्यवाद सभा का किया आयोजन

**बक्सर।** बिहार राज्य आंगनबाड़ी महासंघ (ऐक्टू-गोप गुट) द्वारा धन्यवाद सभा आयोजित किया गया। महासंघ द्वारा अपने तय सत्याग्रह आंदोलन को मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार द्वारा भाकपा माले के विधायक व अखिल भारतीय स्कीम वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष कॉ० शशि यादव को हस्तक्षेप व वातालर्प के बाद विगत 29 सितम्बर से आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान सभी चयनमुक्त किये गए आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को वापस लेने तथा उनके मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोतरी के आश्वाशन के बाद धन्यवाद सभा को संपन्न किया गया। धरना में आंगनबाड़ी यूनियन (गोप गुट) की चौगाईं प्रखंड सचिव लीला देवी, ब्रह्मपुर प्रखंड की सचिव फुला देवी, इटाढ़ी प्रखंड की सचिव सिमा कुमारी, महिला संगठन ऐपवा की जिला सचिव संध्या पाल, जिला अध्यक्ष रेखा देवी, सह सचिव पूजा कुमारी, भाकपा-माले के बक्सर सचिव नीरज कुमार, इटाढ़ी प्रखंड सचिव जगनराण शर्मा, सिमरी एवं चक्की प्रखंड के प्रभारी हरेंद्र राम, माले नेता ओमप्रकाश सिंह, गनेश सिंह, बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी संघ (गोप गुट) के जिला अध्यक्ष लवकुश, सचिव महेंद्र प्रसाद, वन विभाग के जगदम्बा पासवान आदि मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### पटना कुर्ला में सफर कर रहे यात्री को ट्रेन से उतार पीटा

**बक्सर।** शनिवार की देर शाम दानापुर डीडीयू रेलखंड के स्थानीय रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के दो गुट में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी को जीआरपी ने तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। यात्री की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यात्रियों के बीच मारपीट की शुरूआत टेज्न में ही हुई थी। कहा तो ये भी जा रहा है कि विवाद के बाद उक्त यात्री को टेज्न से उतार पीटा गया। मिली जानकारी के अनुसार कुर्ला से पटना जा रही ट्रेन में दानापुर खगौल के नरेन्द्र कन्नौजिया के पुत्र सोनु कुमार यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उनके साथ जमकर मारपीट हुई। सोनु को स्थानीय स्टेशन पर उतार कर पिटाई कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंची। तबतक मारपीट करने के आरोपित भाग निकले थे। जीआरपी ने जख्मी यात्री को तत्काल सदर अस्पताल में पहुंचाया। यात्री की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। आरपीएफ घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## यूपी-झारखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का मरम्मत के अभाव में हुआ बुरा हाल

# ओवरलोड वाहनों ने बिगाड़ी डुमरांव मेन रोड की सूरत, दर्जनों जगह उभरे बड़े गड्ढे

♦ गड्ढों में तब्दील हो चुकी इस सड़क के निर्माण के लिए न तो पथ निर्माण विभाग कोई ठोस कदम उठा रहा और न ही एनएचएआई

**केटी न्यूज/डुमरांव**



व्यापार मंडल के पास सड़क का एक हिस्सा भारी वाहनों के दबाव से पूरी तरह से धंस गया है। हालांकि इसे अभी ईंट से भरकर दुरुस्त कर दिया गया है, फिर भी खतरनाक है।

सरकार चाहे कितना भी सड़को को गड्ढा मुक्त होने का दावा करें लेकिन शहर के मुख्य सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 120 की स्थिति बेहद खस्ताहाल है। ये सड़क शासन के दावों की पोल खोल रही है। खास बात तो यह है कि गड्ढों में तब्दील हो चुकी इस सड़क के निर्माण के लिए ना तो पथ निर्माण विभाग कोई ठोस कदम उठा रहा है और ना ही एनएचएआई। जनप्रतिनिधि हो या अधिकारी, उनकी गाड़ियां भी इसी सड़क से गुजरती हैं। सड़क पर उभरे गड्ढे के कारण अक्सर बाइक चालक व तीन पहिया वाहनों के चालक काफी मुश्किल से इसे पार कर पाते है।

रेलवे स्टेशन से टीचर ट्रेनिंग स्कूल तक करीब तीन किलोमीटर तक की दूरी पर आधा दर्जन से अधिक ऐसे स्पॉट बन गये है जहां सड़क पूरी तरह गड्ढे में तब्दील हो गयी है। सड़क को सबसे ज्यादा नुकसान ओवरलोड ट्रक पहुंचा रहे हैं। रात के अंधेरे में बालू लदें ओवरलोड ट्रकों की कतार लगी रहती है। हर दिन इस सड़क से सैकड़ो की संख्या में ट्रकें गुजरती है, जिससे गड्ढों की गहराई व दायरा भी बढ़ता जा रहा है। छोटे वाहनों की कौन कहे बड़े वाहनों के पलटने का भी खतरा हर वक्त रहता है। राज हाइस्कूल के पास तो सड़को के दोनों तरफ गड्ढों के कारण जलजमाव हो गया है, जिससे सड़क का अस्तित्व भी चौपट हो रहा है। वहीं नया थाना, कलावती लॉज मोड़, व्यापार मंडल तथा लंगटू महादेव मंदिर के पास भी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आये है। सड़क की हालत ग्रामीण इलाके की सड़कों से भी खराब हो गयी है।

**सफाखाना रोड मोड़ से व्यापार मंडल के बीच धंस गया है सड़क का एक हिस्सा:** बता दें कि शहर के बीच स्थित सफाखाना रोड मोड़ से व्यापार मंडल तक सड़क का एक हिस्सा भारी वाहनों के दबाव से पूरी तरह से धंस गया है। हालांकि इस जगह पर जलजमाव की समस्या को देखते हुए सड़क निर्माण के दौरान कालीकरण के बदले पीसीसी किया गया था। लेकिन पत्थर बन चुकी सड़क भी ओवर लोड वाहनों के दबाव को नहीं झेल सकी है। गनीमत है कि वाहन चालाकों ने उस जगह मिट्टी भर दिया है। नहीं तो अबतक इस पथ पर परिचालन ठप भी हो सकता था। वही व्यापार मंडल से लंगटू महादेव मंदिर तक भी सड़क पर दर्जनों छोटे बड़े गड्ढें बन गए है, जिनमें दोपहिया व तिपहिया ही नहीं बल्कि बड़े वाहनों के भी दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। जिस कारण चालक व यात्री जान जोखिम में डाल यात्रा करने को मजबूर है। सबसे अधिक परेशानी व्यापार मंडल के पास सड़क का एक हिस्सा उखड़ने से हो रहा है।

**जर्जर सड़क से नासूर बन गई है जाम की समस्या:** शहरी क्षेत्र में जर्जर हो चुके एनएच 120 के कारण डुमरांव में जाम की समस्या नासूर बन गई है। खासकर नया थाना से लंगटू महादेव मंदिर तक हर समय जाम लगा रहता है। स्थानीय लोगों की मानें तो टूटे सड़क से बचने के लिए वाहन चालक ही एक लेन में आ जा रहे है। जिस कारण जाम की समस्या गंभीर हो गई है। थाना से लंगटू महादेव मंदिर तक हर समय जाम लगा रहता है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

डुमरांव बिक्रमगंज पथ की बदहाली तथा इसके मरम्मत का मामला जिला योजना की बैठक में उठाया गया था। एनएचएआई के अधिकारियों को मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया है। – **कुमार पंकज, एसडीओ, डुमरांव**

## बैंक के एजेंट ने ग्राहकों के 1.24 लाख रु. किया गबन, केस दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव**



भारत फाइनैंशियल बैंक शाखा के एजेंट ने ग्राहकों से एक लाख से अधिक की राशि गबन कर लिया। जब इस मामले की जानकारी बैंक के शाखा प्रबंधक को मिली तो उन्होंने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत देकर एजेंट के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस मामले में शाखा प्रबंधक नावानगर के गुंजड़िहारी गांव निवासी प्रताप सिंह ने शाखा के एजेंट मनीष कुमार सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

शाखा प्रबंधक ने पुलिस को बताया कि यह बैंक हर गांवों में 15 से 20 महिलाओं का समूह बनाकर रोजगार के लिए ऋण मुहैया कराता है और साप्ताहिक किस्त के रूप में वसूली की जाती है। इसी दौरान एजेंट रोहतास के काराकाट थाना स्थित बिरैनी गांव निवासी मनीष सिंह ने साप्ताहिक वसूली के दौरान 16 ऋण धारकों से एक लाख 24 हजार 213 रुपये की राशि वसूली कर बैंक धारकों के खाते में जमा नही किया और उस राशि को गबन कर गया। इसकी शिकायत मिलने पर बैंक ने सभी तरह से जांच की प्रक्रिया पूरी की और गबन की राशि को किसी भी अभिलेखों में नही पाया। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है।

## अपनी समस्याओं की खुद करें फरियाद: डीएसपी

**जन संवाद**

**केटी न्यूज/डुमरांव**



आम जनता को यदि किसी तरह की समस्या हो या कोई उन्हें परेशान कर रहा है तो वे खुद इसकी जानकारी मुझे दे। मैं खुद तथा अपने पुलिस पदाधिकारियों के माध्यम से उक्त समस्या का समाधान कराउंगा। उक्त बातें रविवार को डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने पुराना भोजपुर में आयोजित जन संवाद में कही।

इस जन संवाद में पुराना भोजपुर के अलावे, नया भोजपुर, डुमरांव, ढकाइच, मंझवारी, सिमरी, प्रताप सागर, चिलहरी सहित अनुमंडल के कई अन्य गांवों के लोग शामिल हुए थे। जन संवाद में डीएसपी ने पुलिस पब्लिक फ्रैंडली को मजबूत करते हुए कहा कि बिना आम जनता के सहयोग से अपराध नियंत्रण तथा शराब व मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम नहीं लगाया जा सकता है। उन्होंन लोगों से खुलकर अपनी अपनी समस्याएं रखने को कहा। इस दौरान लोगों ने मादक पदार्थ, शराब तस्करी से लेकर बस की एजेंटई के नाम पर हो रहे गुडागर्दी, परिवहन नियमों का माखौल उड़ाने, पुलिस गश्त को और तेज करने सहित कई अन्य मुद्दों को मजबूती से उठाया। चिलहरी निवासी व युवा नेता दीपक यादव ने साफाखाना रोड में मादक पदार्थों की तस्करी तथा नशेड़ियों के उत्पात की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। जबकि नया भोजपुर के वार्ड छह के वार्ड पार्षद सह भाजयुमो अध्यक्ष धनंजय पांडेय ने अपने पंचायत में अर्द्धनिर्मित शौचालय का मुद्दा उठाया। अविनाश तिवारी बप्पी ने बस के उपर बैठ सफर करने वाले छात्रों तथा उनकी करतूतों से डीएसपी को अवगत कराया, जबकि ललन यादव ने बस एजेंट के नाम पर हो रहे लूट खसोट की बात सामने रखी। इसके अलावे भी कई अन्य मुद्दों को जनसंवाद में मौजूद लोगों ने डीएसपी के सामने रखा। जिस पर तत्काल कार्रवाई करने की बात डीएसपी ने कही।




## मकर संक्रांति से शुरू होगा विवाह का मुहूर्त, सगाई से विदाई तक महंगाई की मार

# मांगलिक कार्य... 3 माह के लग्न में विवाह की केवल 40 तिथियां

**अमरनाथ केशरी/डुमरांव**



मकर संक्रांति खत्म होते ही शहनाइयों की गूंज का सिलसिला शुरू हो जायेगा। ऐसे में बढ़ती महंगाई बिटिया रानी के ब्याह पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। मांगलिक आयोजनों के लिए तीन माह के लग्न में शादी-विवाह के लिए केवल 40 तिथियां ही शुभ मानी गयी हैं। लग्न में शुभ मुहूर्त कम होने से विवाह की तैयारी में कन्या पक्ष को अधिक जद्दोजहद करनी पड़ रही है। दो दिलों को जोड़ने में महंगाई का अड़ंगा ऐसा है कि वर-वधू दोनो पक्ष तैयारियों को लेकर खासे चिंतित है। सामानों की खरीदारी हो या टेंट-बाजा की बारी हो सबो ने दामों में इजाफा कर दिया है। पिछले वर्ष की तुलना की जाये तो मौर-सिंहोरा ने भी महंगाई की छलांग लगायी है। महंगे सामानों के कारण बाराती की आवभगत में कटौती की सोच कर लड़की वाले असहज है। वहीं रिश्तेदारों की खरीदारी के लिए वर पक्ष की चिंता भी बढ़ गयी है। वैवाहिक समारोह में टेंट, सामियाना, होटल, गाड़ी, सजावट, बैंड-बाजा आदि के भाव मे बेतहाशा वृद्धि हो गयी है। इस बार खाद्य सामग्रियों व सब्जी तक की कीमत पहुंच से दूर दिख रही है। ऐसे में विवाह की तैयारी करने में जुटे परिजनों के इस ठंड में भी पसीने छूट रहे हैं। सुबह से शाम तक वे सामानों की खरीददारी में ही परेशान हो जा रहे हैं।

### मंदिरों में शादी का बढ़ा चलन

गरीब व मध्यम वर्गीय लोगों से मंदिरों में शादियों की तादाद बढ़ गयी है। लग्न के दौरान डुमरांव के काली मंदिर, डुमरेजनी मंदिर, बाबा जंगलीनाथ महादेव मंदिर, बक्सर के रामरेखा घाट, बिहियां के मां महथिन मंदिर के अलावे कई अन्य मंदिरों में हर दिन शादी-विवाह होते है। शादी की तैयारी में जुटे प्रमोद चौधरी, सीता देवी, मनोज राजभर आदि ने बताया कि अब शादी-विवाह में पहले के मुकाबले खर्च बढ़ गया है। महंगाई के कारण सबकी खातिरदारी करना मुश्किल हो गया है। बढ़ते महंगाई के बीच कमजोर व गरीब तबके के लिए मंदिरों में शादी एक बेहतर विकल्प बनकर उभरा है। जहां बिना किसी ताम झाम के वर व कन्या पक्ष एकजुट हो पूरे विधान से शादी की रश्मों को निभाते हैं।



# पिछले डेढ़ साल से कागजों में दबी है 18 करोड़ गबन की फाइल

- बलिया के स्वास्थ्य विभाग के एनआरएचएम से जुड़ा है मामला
- मंत्री के पत्राचार के बाद भी जांच को प्रभावित कर रही अफसरशाही

**तिलक कुमार/बलिया**



शिकायत और जांच के पत्राचार की मोटी हो चली फाइलों में 18 करोड़ के गबन के आरोप की फाइल कागजों के बीच दब कर रह गई है। विभाग मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय के सक्षम अधिकारी शिकायतकर्ता और उसका संज्ञान लेने वाले मंत्री के पत्राचार को पिछले लगभग डेढ़ साल से लखनऊ से लेकर बलिया तक की सैर करा रहे हैं। मामला बलिया के स्वास्थ्य विभाग के एनआरएचएम से जुड़ा है। 2019-20 और 2020-21 के कथित 18 करोड़ गबन के इस आरोप में अधिकारी किस कदर घुमा रहे हैं। कि डेढ़ साल बीत जाने के बाद तक जांच को निष्कर्स तक नहीं पहुंचने दिए हैं। अफसरशाही इस कदर हावी है कि जिला विकास और निगरानी समिति की बैठक में इस मामले में लेकर काफी हंगामा हुआ। बताते चलें कि कथित तौर पर आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 और 2020-21 में 18 करोड़ रुपए के गबन की शिकायत बलिया के एक जनप्रतिनिधि ने लिखित तौर पर की।

मिली जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया की गई शिकायतकर्ता की लिखित शिकायत में कहीं भी तारीख का उल्लेख नहीं है। मगर अधिकारियों ने प्रदेश सरकार के एक मंत्री के उक्त प्रकरण में लिखे कवरिंग लेटर में दिनांक 26 सितंबर 2022 की तारीख का उल्लेख जरूर है। दरअसल में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ ने जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति बलिया को पत्र भेजकर जांच के मामले में एक वित्त विभाग के अधिकारी को शामिल करने का निर्देश दिया था। यह पत्र 29 सितंबर 2023 को प्रेषित किया गया। जिसमें एक सप्ताह के भीतर मिशन निदेशक ने जांच आख्या भी मांगी थी। मगर तीन माह बीत जाने के बाद भी 18 करोड़ कथित गबन के जांच के मामले में कोई प्रगति जिले के अधिकारियों ने नहीं की। बल्कि मामले का लीपापोती करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो यदि इस मामले की जांच गहराई तथा निष्पक्षता के साथ किया जाए। तो इसमें अधिकारियों के साथ-साथ कई सफेदपोशों के नाम भी उजागर हो सकते है। इसलिए इस मामले की जांच में कोई तेजी नहीं लाई जा रही है। बल्कि इसे दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर कुछ अधिकारी इसे मामले की छानबीन कराने के लिए तरह से प्रयासरत है। विदित हो कि तीन माह बाद जिला निगरानी समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने इस मामले को तूल दिया। देखना दिलचस्प होगा कि 18 करोड़ कथित गबन के इस मामले में अब ऊंट किस करवट बैठता है।

### क्या बोले सीएमओ

सीएमओ विजयपति द्विवेदी एनआरएचएम में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए शासन स्तर से पहले टीम गठित की जा चुकी है। हां किन्हीं कारणों से जांच नहीं हो पा रही है। इसके लिए शासन को मेरे द्वारा रिमांडर लेटर भेज दिया गया है।

## खबरें फटाफट

### जिला कारागार में कैदी की मौत

**बलिया।** जिला कारागार में उम्र कैद की सजा काट रहा एक अधेड़ कैदी की रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के भरथहां निवासी श्रीकेश पाठक उम्र 53 हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहा था तथा काफी दिनों से बीमार चल रहा था। इसबीच रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है।

### आंदोलन से अनाज वितरण में परेशानी

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से सैकड़ों मध्यम वर्गी परिवारों को सरकार सस्ते में राशन देने का कार्य करती रही है। जिससे मध्य वर्गीय लोग भी सरकार के राशन पर टिके हुए हैं। लेकिन ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की इकाई के आवाह्न पर जखनियां तहसील सहित जिले पर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानदार वितरण कार्य से विरत रहने से एक जनवरी से अबतक राशन वितरण नहीं किया। इसके चलते आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### डीएम ने कृषि मंडी का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन संबंधी विविध कार्यो को समयबद्ध एवं सुचारू ढंग से संपन्न कराने एवं निर्वाचन को सकुशल संचालन तथा भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के लिए जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने कृषि मंडी जंगीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जंगीपुर के मंडी सचिव को निर्देश दिया कि अभी से स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल पर जो भी कार्य कराए जाने हैं उसको समयान्तर्गत पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

### धान खरीद में हो पूरी पारदर्शिता : सुशील

**चंदौली।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को जन प्रतिनिधिगण, क्रय एजेंसियों, मिलर्स एवं संबंधित अधिकारियों के साथ धान खरीद की समीक्षा बैठक हुई। इसमें धान की खरीद में तेजी लाने की चर्चा की। वहीं डीएम ने धान खरीद में क्रय एजेंसियों को तत्परता से धान का उठान कराने का निर्देश दिया और चेताया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान विधायक सुशील सिंह ने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद किसानों का धान हर हाल में खरीदा जाए।

## सैदपुर की रहने वाली युवती ने देशभर के कई राज्य के युवकों को बनाया शिकार

# एक युवती 29 बार बनी दुल्हन, जाल में युवकों को फंसाकर लूटे लाखों रुपये

- सिपाही पर आरोप, लुटेरी दुल्हन गिरोह की करता था मदद

**केटी न्यूज/बलिया**



जिले के सैदपुर कोतवाली की रहने वाली एक युवती लुटेरी दुल्हन बनकर देशभर के कई राज्यों के कुल 29 युवकों से की शादी। जब एक पीड़ित युवक ने एफआईआर दर्ज कराया तो लुटेरी दुल्हन समेत उसके पूरे गिरोह का पदार्फाश हो गया। साथ में दुल्हन व उसके तीन सहयोगियों सहित रुपये लेकर उन्हें संरक्षण देने वाले एक सिपाही को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला सहित शहाबगंज थाने पर तैनात एक सिपाही अनुज सिंह को भी गिरफ्तार किया है। सिपाही पर आरोप है कि वो इस लुटेरी दुल्हन के गिरोह की मदद करता था। घटना का पता चलते ही थाने में तैनात पुलिस फरार हो गया। लेकिन पुलिस ने उसे मुस्तफापुर से गिरफ्तार कर लिया। बीते 27 दिसंबर को राजस्थान के भरतपुर निवासी संजय सिंह ने तहरीर देकर सैदपुर नगर की मूल निवासिनी व वर्तमान में झोमरी पड़ाव वाराणसी की रहने वाली सुमन सोनकर व उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। बताया कि वह अविवाहित था, तो उसकी शादी कराने की बात कहकर उसके सहयोगियों ने संजय को जाल में फांसते हुए रिश्ता तय कराया। 26 दिसंबर को शादी के बाद जब शादी कराकर मैं विदाई करा ले जा रहा था, तो रास्ते में अलीनगर के पास 12 हजार रुपये आदि लूटकर फरार हो गई। लोगों को लूटने वाले गिरोह को आरोपी सिपाही ने संरक्षण दिया था। इसके एवज में आठ हजार रुपये भी लिए थे। गिरफ्तारी के बाद आरोपी सिपाही को एसपी ने निलंबित कर दिया है। बता दें कि सैदपुर की रहने वाली सुमन की छह साल पहले ही शादी हो चुकी थी। शादी के बाद से ही वो चंदौली के बलुआ के मटियरा निवासी जितेंद्र कुमार व पुष्कर रस्तोगी के साथ मिलकर हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, झारखंड आदि राज्यों के अविवाहित युवकों से नकली शादी करती थी। इसके सहयोगी वहां जाकर ऐसे युवकों को खोजते थे, जिनकी शादी नहीं होती थी। उन्हें अपने जाल में फांसकर वो शादी के लिए तैयार करते थे। इसके बाद घटना को अंजाम देते थे।

## अनियंत्रित बोलोरो गड्ढे में पलटीं चालक शेरू की मौके पर मौत

**केटी न्यूज/चंदौली**

सदर कोतवाली क्षेत्र के जगदीशसराय गांव के समीप शनिवार की रात बोलेरो अनियंत्रित हो कर बाइक सवार को टक्कर मारते हुए गड्ढे में पलट गई। वहीं घटना में बोलेरो सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल घायल को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के मधुपुर गांव निवासी प्रविष कुमार सिंह उर्फ शेरू 30 वर्ष चंदौली जा रहा था। जैसे ही वो जगदीश सराय गांव के समीप पहुंच का उसकी बोलेरो अनियंत्रित हो कर बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार विकास मौर्य 23 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। वही बोलेरो गड्ढे में पलट गई। घटनास्थल पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल घायल युवक को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया तथा चालक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस बाबत सदर कोतवाल गगन राज सिंह ने बताया कि अनियंत्रित बोलेरो बाइक सवार को टक्कर मारते हुए गड्ढे में पलट गई।

इस घटना में बोलेरो सवार की मौत हो गई है। शेरू अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। जैसे ही इसकी जानकारी माता-पिता को भी तो उन पर दुखों का पहाड़ टूट गया। यही नहीं गांव मैं कोहराम मच गया। जानकारी होते ही लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए और जहां भारी भीड़ लग गई। माता मृदुला की करुण रुदन से जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस का माहौल पूरी तरह से गमगीन हो गया।

## सबका साथ सबका विकास है मोदी की गारंटी: नीरज




**केटी न्यूज/ बलिया**

रामगढ़। देश व केंद्र की सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाना है। हमारी सरकार ने केंद्र में मोदी जी और उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में जो कार्य कर दिखा दिया, वह किसी और के बस की बात नहीं है। यही है मोदी सरकार की गारंटी। ये सरकार जो कहतीं हैं वो करके दिखाती है। यह बातें रविवार को विकास खंड बेलहरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर सांसद नीरज शेखर ने कही। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद नीरज शेखर ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सांसद नीरज शेखर ने गर्भवती महिलाओं के गोद भराई कार्यक्रम व बच्चों को अन्नप्राशन करवाया। विकसित भारत के लिए शपथ भी दिलाई। सहायक अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार की उज्वला योजना के तहत निःशुल्क कनेक्शन दिया गया है।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में रामसखा के परिवार को नहीं मिला निमंत्रण, परिजनों में निराशा

**केटी न्यूज/ दयाछपरा**



राम मंदिर/ बाबरी मस्ज़िद निर्माण में रामलला के सखा के रूप में त्रिलोकी नाथ पांडेय पक्षकार रहे। आज जब भव्य राम मंदिर में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है तो त्रिलोकी नाथ इस दुनियां में नहीं हैं। रामसखा के परिवार का यह दुःख है कि उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण नहीं मिला। निमंत्रण के लिए पहले तो कहा गया था, लेकिन अब त्रिलोकी नाथ पांडेय के पुत्र अमित का कहना है कि मेरा निमंत्रण इन लोगों ने निरस्त कर दिया है। बताते चलें कि विहिप से जुड़े त्रिलोकी नाथ पांडेय राम मंदिर/ बाबरी मस्जिद विवाद में अहम किरदार रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जहां रामलला को प्राण प्रतिष्ठित विग्रह माना वहीं त्रिलोकी नाथ को रामलला का सखा मानकर मुकदमे में पक्षकार के रूप में स्वीकार किया। इसी आधार पर रामलला के पक्ष मे फैसला आया। रामलला के सखा के रूप में मुकदमे में जीत त्रिलोकी नाथ पांडेय की भी हुई थी।उच्चतम न्यायालय में जीत के बाद बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसमें देश भर से लगभग आठ हजार विशिष्ट व अति विशिष्ठ लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। ऐसे में रामसखा के परिवार को निमंत्रण न मिलने से परिवार व गांव के लोग मायूस हैं। आर एस एस से जुड़े किसान मोर्चा के मंत्री अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि जिनके दिल में हमेशा राम मंदिर कैसे बने,ऐसे बात सोचने वाले रामलला के मुख्य पैरोकार रहे त्रिलोकी नाथ के परिवार को इस पुनीत कार्य में जाने के लिए निमंत्रण जरूर मिलना चाहिए। ग्रामीण गिरिजा शंकर पांडेय ने कहा कि अपना पूरा जीवन राम की सेवा में गुजर देने वाले और सुप्रीम कोर्ट में राम मंदिर को जीत दिलाने वाले रामसखा त्रिलोकी नाथ पांडेय के परिवार को निमंत्रण न देना कहां तक उचित है। रामसखा के भाई कपिल मुनि पांडेय ने कहा कि राम मंदिर के मुकदमे की पैरवी के लिए त्रिलोकी नाथ दिन रात एक करके पूरे देश में घूमकर साक्ष्य जुटाए और सुप्रीम कोर्ट से रामलला को जीत हासिल कराए। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने बताया कि हमे अब जानकारी मिली है कि निमंत्रण नहीं मिला है लेकिन रामसखा के परिवार को कार्यक्रम में रहना है।

## छोटा परिवार सुखी परिवार की अवधारणा को आगे बढ़ा रहा स्वास्थ्य महकमा

# परिवार नियोजन के तहत नसबंदी कराने में महिलाएं आगे, पुरुष पीछे

**केटी न्यूज/ बलिया**



स्वास्थ्य महकमा द्वारा बलिया जनपद में पिछले आठ माह के अंदर परिवार नियोजन की दिशा में विशेष पहल की गई। जिसके फल स्वरुप डाक्टरों की टीम ने एक अप्रैल से 31 दिसंबर तक परिवार नियोजन के स्थाई समाधान 'नसबंदी' कराने वालों का विस्तृत ब्यौरा जारी किया है। स्वास्थ्य महकमे की मानें तो पिछले नौ महीने में 2031 महिलाओं और 14 पुरुषों ने नसबंदी कराया है। नसबंदी कराने वाले पुरुषों में एक युवक अल्पसंख्यक समुदाय का भी है। बताते चलें कि एक अप्रैल 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक जनपद में 2031 महिलाओं ने परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी को अपनाया। इस अवधि में 14 पुरुषों ने भी जिम्मेदारी निभाई और नसबंदी कराया। इसके अलावा दो बच्चों के बीच में सुरक्षित तीन साल का अंतर रखने के लिए महिलाओं ने अस्थाई साधन को भी अपनाया है। 4051 महिलाएं पोस्ट पार्टम इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस, 3333 महिलाएं इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस अपना चुकी हैं। 4333 महिलाओं ने तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा पर भरोसा जताया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आनन्द कुमार ने बताया कि पुरुष नसबंदी प्रक्रिया आसान है। इसमें सामान्य सा चीरा लगता है। इसमें व्यक्ति को उसी दिन अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। यह महिला नसबंदी की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और सरल भी होता है। इसके लिए न्यूनतम संसाधन, बुनियादी ढांचा और न्यूनतम देखभाल की आवश्यकता है। पुरुष नसबंदी को लेकर समाज में कई भ्रांतियाँ हैं। इस भ्रम से पुरुषों को बाहर आना होगा और एक छोटा परिवार एवं सुखी परिवार की अवधारणा को साकार करने के लिए पुरुषों को आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाने की जरूरत है।

## एक नजर

### 450 ग्रामीणों को किया गया कंबल वितरण

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर क्षेत्र के जफरपुर गांव में विक्रमा यादव इंटर कॉलेज पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा, रामवृक्ष यादव की बड़ी माता मुराही देवी के श्रद्धांजलि सभा में 450 ग्रामीणों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शेरपुर कुटी के महंत शिव गणेश दास ने मुराही देवी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर शुरू किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जंगीपुर विधायक वीरेंद्र यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक जै किशन साहू, संचालन श्यामलाल यादव ने किया। मौके पर पूर्व विधायक जखनियां त्रिवेणी राम, सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष सुदर्शन यादव एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख छोटू यादव, लालजी सिंह यादव, मऊ चिरैयाकोट के नगर पालिका चेयरमैन राम प्रताप यादव सहित अनेक गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर मुराही देवी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में गताआत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस कार्यक्रम में कंबल वितरण के साथ 450 लोगों का भोजन का पैकेट वितरण किया गया।

### वाहन चेकिंग में वसूला गया छह लाख जुर्माना

**गाजीपुर।** सैदपुर थाना क्षेत्र के मौधा क्षेत्र के सिधौना बाजार स्थित हाई-वे पर देर शाम जनपद की एआरटीओ सौम्या पांडेय ने वाहनों की चेकिंग की। इसके चलते बाजार में वाहनों स्वामियों में हड़कंप मच गया। एआरटीओ ने यातायात नियमों का पालन न करने वाले ऑटो, ई -रिक्शा आदि के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान बिना परमिट के 15 टेंपो का चालान करने के साथ ही दो टेंपो को सीज कर दिया। चेकिंग के दौरान उन्होंने दर्जनों वाहनों से कुल छह लाख 82 हजार रुपये का जुमार्ना भी वसूला। एआरटीओ ने बताया कि ऑटो चालकों को शहर में ऑटो चलाने की अनुमति है। लेकिन ई-रिक्शा को हाई-वे पर चलाने की अनुमति नहीं है। हाई-वे पर चलने की वजह से आए दिन काफी दुर्घटनाएं होती है।

### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** शिक्षा मित्र जमशेद कंपोजिट विद्यालय मनिकलां में पदस्थ है। जमशेद के ऊपर हुए हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर शिक्षा मित्र संघ में आक्रोश है। रविवार को थानाध्यक्ष खेतासराय को शिक्षा मित्र संघ ने ज्ञापन सौंपा। पूरा मामला यह है कि शिक्षा मित्र निवासी मनिकलां अपने खेत मे कार्य कर रहे थे। तभी एक दबंग व्यक्ति अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर उन पर हमला बोल दिया। जिसमें वह गंभीर घायल हो गए है। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जिसमे थाने में उनकी एनसीआर दर्ज कर ली गयी है। लेकिन कोई गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है। जिलाध्यक्ष संदीप के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन शिक्षामित्र थाने पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लगभग पांच दिन से ज्यादा हो गए है। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संदीप यादव सहित अजय यादव ,संतोष कुमार, रामफेर,अशोक राजभर आदि शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

### हाईकोर्ट के आदेश पर पक्का निर्माण कार्य ध्वस्त

**गाजीपुर।** हाईकोर्ट प्रयागराज के आदेश पर सुहवल थाने के भागीरथपुर में ग्रामसभा के करीब तीन विश्वा जमीन पर सरकारी बुलडोजर चलाकर जमीन को मुक्त कराया गया। बता दें कि पिछले करीब ढ़ाई दशकों से राजेन्द्र शर्मा के द्वारा उक्त जमीन पर पक्का निर्माण किया गया था। इस अवैध अतिक्रमण ध्वस्त कर भूमि को राजस्व एवं पुलिस टीम के सहयोग से मुक्त करा कर उसकी पैमाइश के साथ उनका चिन्हांकन कर दिया गया। साथ ही आए अधिकारियों ने संबंधित को चेताया कि अगर दोबारा जमीन पर कब्जे की कोशिश की गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार जमानियां देव कुमार ने बताया कि उक्त गांव के राजेंद्र शर्मा द्वारा वर्षों पहले सरकारी जमीन पर पक्का निर्माण कर कब्जा किया गया था। इसके बाद तत्कालीन लेखपाल के द्वारा उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसे हाइकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए हटाने का निर्देश दिया था। इसके बाद बुल्डोजर के जरिए राजस्व व पुलिस की निगरानी में किया गया कब्जा ढहा दिया गया।

### मऊ डीएम ने बैठक कर कार्यों की समीक्षा की

**मऊ।** डीएम अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय स्थित सभागार में आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों, जन शिकायतों, मुख्यमंत्री जनता दर्शन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों, मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग से संबंधित प्रकरणों तथा कोर्ट केस/अवमानना वाद के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। माननीय मुख्यमंत्री जनता दर्शन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को स्वयं मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अपने कार्य व्यवहार में सुधार लाते हुए पक्षकारों को संतुष्ट करने के निर्देश दिए,जिससे शिकायतकर्ता पुनः शिकायत न करें।

